# चोरी की बाइक के साथ गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि रविवार रात इकौना थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पांडेय टीम के साथ गश्त कर रहे थे। अंधरपुरवा पुल के पास शातिर चोर के मौजूद होने की गुप्त सूचना मिली। इस पर थाना प्रभारी अंधरपुरवा पुल के पास पहुंचे, कुछ देर बाद भिनगा की ओर से आ रहे कोटवा दहावर निवासी धर्मपाल वर्मा को रोककर पूछताछ की। उसके पास से एक तमंचा, एक कारतूस व चोरी की बाइक बरामद हुई। उसने बाइक को 21 अगस्त को टीबी अस्पताल बहराइच से चोरी करने की बात कबूली। ई चालान के माध्यम से बाइक स्वामी बहराइच के कानूनगोपुरा दक्षिणी निवासी आलोक पांडेय से संपर्क कर जानकारी ली गई। आलोक ने कोतवाली नगर में बाइक चोरी का केस दर्ज कराने की बात बताई। पूछताछ के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। एसपी ने बताया कि धर्मपाल पर श्रावस्ती, बलरामपुर व बहराइच में गैंगस्टर समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में 11 मुकदमे दर्ज हैं। (संवाद)